राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जारी किए आदेश

श्री मधुकर गुप्ता को राज्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त पद पर प्रदान की नियुक्ति

जयपुर, 13 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी श्री मधुकर गुप्ता को राज्य मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति प्रदान की है।

श्री गुप्ता की नियुक्ति पांच वर्ष के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो के लिए की गई है।

————

51 बंदियों को विशेष माफी प्रदान करने के प्रस्ताव का राज्यपाल ने किया अनुमोदन

जयपुर, 13 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने आजादी के अमृत महोत्सव पर राज्य की जेलों में सजा भुगत रहे अच्छे आचरण वाले 51 बंदियों को विशेष माफी प्रदान करने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को शनिवार को अनुमोदन प्रदान किया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बंदियों की कुछ श्रेणियों को विशेष माफी देने तथा उन्हें 15 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2023 तक तीन चरणों में प्रथम चरण 15 अगस्त 2022 को रिहा किए जाने के राज्य सरकार के निर्णय के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है।

————